दिन—गुरूवार दिनांक— 14 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि दरभंगा हवाई अड्डे का नामकरण कवि कोकिल विद्यापति के नाम पर किया जायेगा। श्री चौधरी आज दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को हस्तांतरित किये जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ होने वाली बैठक में दरभंगा हवाई अड्डें को अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की मांग करेंगे। श्री चौधरी ने जिले के शोभन में एम्स के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने डीएमसीएच में चल रहे कार्य की प्रगति को लेकर भी अधिकारियों के साथ विचार—विमर्श किया।

———————————————————————

बिहार विधान परिषद की भोजपुर सह बक्सर स्थानीय प्राधिकार सीट के लिए उपचुनाव की मतगणना जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आरा के राजकीय बालिका विद्यालय स्थित मतगणना केंद्र पर कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच मतों की गिनती की जा रही है। ताजा जानकारी के अनुसार प्रथम वरीयता में किसी भी उम्मीदवार को स्पष्ट बहुमत नहीं मिल सका जिसके बाद द्वितीय वरीयता की मतों की गिनती की जा रही है। इस सीट के लिए बारह मई को मतदान हुआ था। गौरतलब है कि यह सीट पूर्व एमएलसी राधाचरण साह के विधानसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुई है।

———————————————————————

पटना, अररिया, किशनगंज, बेगूसराय, पूर्णियां और कटिहार जिले में आज नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉक ड्रिल शाम सात बजे से सात बजकर पंद्रह मिनट तक आयोजित होगा। इस

दौरान आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी सार्वजनिक लाइटें बंद कर दी जायेंगी। प्रशासन ने लोगों से मॉक ड्रिल में सहयोग की अपील की है।

———————————————————————

तेल कंपनियां अब दस लाख से अधिक आय वाले उपभोक्ताओं को गैस सब्सिडी नहीं देगी। इस संबंध में आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल कंपनियों की ओर से उपभोक्ताओं के निबंधित मोबाईल पर यह संदेश भेजा जा रहा है। बिहार राज्य एलपीजी वितरक संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तेल कंपनियों की ओर से भेजे जा रहे संदेश में सात दिनों के अंदर प्रतिक्रिया मांगी गई है। यदि उपभोक्ता आपत्ति नहीं जताता है, तो इन सभी की गैस सब्सिडी बंद कर दी जाएगी।

———————————————————————

एयर इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में कमी लाने का फैसला किया है। इसके लिए विदेशी मार्गों पर कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी गई हैं। यह फैसला वायु क्षेत्र नियंत्रण और विमान ईंधन के ऊंचे मूल्य को देखते हुए किया गया है। यह कटौती इस वर्ष जून से अगस्त तक के लिए होगी।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार सहित सात जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष मई महीने में प्रदेश में अब तक सामान्य से एक सौ सत्तर प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गयी है।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के छतौनी थाना क्षेत्र के बरियारपुर से जिला आसूचना इकाई और एसटीएफ की टीम ने एक ऑटो रिक्शा से पांच हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के मुहम्मदपुर खाजे गांव में पुलिस ने छापेमारी कर शराब बनाने की फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है।

शेखपुरा जिले के चेवारा थाना क्षेत्र से पुलिस ने जन सुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष मोहमद सफी इमान और उसके भाई को तीन वर्ष पुराने एक मामले में गिरफ्तार किया है।

---

अररिया सदर अस्पताल में नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा। जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक में अस्पताल परिसर में एलईडी डिस्प्ले और कूलरयुक्त आरओ लगाने सहित कई अन्य प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

---

समाप्त